पत्रांक–भवन/अभि0प्र0 (यो0)–02–विविध–64/12 ....... 5743 (अ)

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

दिनांकः–...18/7/23...

विषयः– नदियों एवं इनके तटबंधों के बीच संरचनाओं के निर्माण के संबंध में।

प्रसंगः– अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2801, पटना, दिनांक–11.07.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में निदेश दिया जाता है कि नदियों एवं इनके तटबंधों के बीच संरचनाओं के निर्माण के संबंध में पत्र में वर्णित निदेशो का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5743 (अ) दिनांक–...18/7/23...

प्रतिलिपिः–सभी मुख्य अभियंता/मुख्य वास्तुविद्/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5743 दिनांक–...18/7/23...

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

अ०प्र०

पत्रांक-बाढ़(मो०)सिं०-32/94(अंश-XIV)- 2801

167

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

18528
14/7/23

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना।

फैक्स
ई-मेल

सेवा में,

सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना ।
सभी जिलाधिकारी,
बिहार ।

/पटना, दिनांक- 11-07-2023

विषयः- *नदियों एवं इनके तटबंधों के बीच संरचनाओं के निर्माण के संबंध में।*

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बाढ़ की आपदा से बचाव हेतु तकनीकी संभाव्यता के आधार पर विभिन्न नदियों के तटबंधों का निर्माण नदियों के किनारे से समूचित दूरी पर कराया जाता है। इससे नदियों के धारा को अविरल रखने में मदद मिलती है एवं आस-पास के क्षेत्रों में अवस्थित आबादी/जान-माल/संरचनाओं की सुरक्षा होती है।

प्रायः देखा जा रहा है कि नदी तटबंधों एवं नदी के बीच भाग में संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बाढ़ अवधि में नदियों के प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने के साथ-साथ तटबंधों एवं नदियों के बीच अवस्थित संरचनाओं के आपदाग्रस्त होने की भी संभावना बनी रहती है। साथ हीं नदी एवं तटबंधों के बीच संरचना निर्माण से बाढ़ अवधि में तटबंधों पर भी दबाब पड़ता है, जिससे आपदा की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना रहती है।

इस पृष्ठभूमि में अनुरोध है कि तटबंध एवं नदी किनारें के बीच संरचनाओं के निर्माण कार्य को हतोत्साहित किया जाय एवं भविष्य में सरकारी भवनों का निर्माण नहीं किया जाय।

विश्वासभाजन

10/7/2023

अपर मुख्य सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

DMC
2264
14/7/23

DDI
14.7.23

18528
14/7/23